हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 3 जून 2026

06 लघु व दीर्घकालीन कार्य योजना के साथ विद्युत...

07 खाद की मांग को लेकर किसानों का गुस्सा जारी, विरोध में ...

06 घंटे में खुलासा: महिला से मंगलसूत्र लूटने वाले तीन आरोपी किए गिरफ्तार

ढाई लाख का माल बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर की भार्गव कॉलोनी में दिनदहाड़े महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र छीनकर फरार हुए तीन शातिर आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने महज छह घंटे के भीतर गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब ढाई लाख रुपये मूल्य का सोने का मंगलसूत्र तथा वारदात में प्रयुक्त चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद की है।

महिला से झपटमारी की वारदात: जानकारी के अनुसार भार्गव कॉलोनी निवासी 52 वर्षीय प्रेमाबाई किरार सोमवार सुबह अपने घर के बाहर खड़ी थीं, तभी मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात युवक पहुंचे और उनके गले से सोने का मंगलसूत्र झपटकर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़िता ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई।पुलिस ने तत्काल अपराध क्रमांक 365/26 धारा 309(4) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

एसपी के निर्देश पर गठित हुई विशेष टीम: घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं सीएसपी प्रियंका मिश्रा के पर्यवेक्षण में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार शर्मा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों की पहचान कर महज छह घंटे के भीतर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

तीन आरोपी गिरफ्तार: गिरफ्तार आरोपियों में कार्तिक पुत्र लक्ष्मण त्यागी (26) निवासी खेड़ापड़ी मंदिर के पास शिवपुरी, बल्देव पुत्र निर्मल राठौर (24) निवासी कमलागंज शिवपुरी तथा रोहित पुत्र सत्यभान दुबे (40) निवासी लक्ष्मीनगर दिल्ली शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने वारदात स्वीकार कर ली है। पुलिस ने उनके कब्जे से छीना गया सोने का मंगलसूत्र बरामद कर लिया है।

चोरी की बाइक से दिया वारदात को अंजाम: पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने एक दिन पूर्व 1 जून को गुना रेलवे स्टेशन क्षेत्र से हीरो स्मार्ट मोटरसाइकिल चोरी की थी। इसी वाहन का उपयोग कर उन्होंने स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया। चोरी की बाइक भी पुलिस ने बरामद कर ली है।

पहले भी किया था प्रयास: जांच में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने वारदात से पहले सुबह सुगन चौराहे के पास एक अन्य महिला से भी लूट का प्रयास किया था, लेकिन वे सफल नहीं हो सके।

पुलिस टीम की सराहनीय कार्रवाई: कोतवाली थाना पुलिस, साइबर सेल और सीसीटीवी कंट्रोल रूम की टीमों की अहम भूमिका रही।

गोविंद गार्डन में हुई चोरी का 36 घंटे में ही पुलिस ने किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गोविंद गार्डन क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात का गुना पुलिस ने मात्र 36 घंटे में खुलासा कर दिया। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 16 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए हैं। 31 मई को दर्ज रिपोर्ट के अनुसार सूने मकान से सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी हुई थी। मामले में कैंट थाना पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी शुभम कुशवाह को गिरफ्तार किया।आरोपी की निशानदेही पर चोरी गया लगभग पूरा माल बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने कहा है कि संपत्ति संबंधी अपराधों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू, सेवाओं पर असर की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

प्रदेशभर के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। हड़ताल के पहले ही दिन कर्मचारियों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन सभी शासकीय कार्यों का पूर्ण बहिष्कार किया, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर व्यापक असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

गुना जिले में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने जिला चिकित्सालय के मुख्य द्वार के पास आंदोलन का पांडाल लगाकर धरना-प्रदर्शन प्रारंभ किया। आंदोलन के दौरान कर्मचारियों ने विभागीय अप्रैजल (मूल्यांकन) प्रणाली के विरोध में उसकी प्रतियां जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया।

शासन की नीति के विरोध में नाराजगी

संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का आरोप है कि सरकार को कई बार ज्ञापन और मांगपत्र सौंपे जाने के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया।

लगातार आश्वासनों के बावजूद ठोस कार्रवाई न होने से कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लिया है।

कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि वर्तमान अप्रैजल प्रणाली उनके लिए असुरक्षा और मानसिक तनाव का कारण बन रही है। उनका कहना है कि वार्षिक मूल्यांकन के आधार पर सेवा पर संकट बना रहता है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है।

स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रभाव की आशंका

हड़ताल के चलते स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न गतिविधियों पर असर पड़ने की आशंका है। इसमें ऑनलाइन पोर्टल संचालन, डेटा एंट्री, टीकाकरण रिकॉर्ड, स्वास्थ्य योजनाओं का क्रियान्वयन, सर्वेक्षण एवं अन्य प्रशासनिक कार्य शामिल हैं।

प्रमुख मांगें

संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने अपनी प्रमुख मांगें दोहराते हुए कहा कि वर्षों से सेवाएं देने के बावजूद कर्मचारियों को स्थायित्व नहीं मिल पाया है। उनकी प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं—सभी संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण, अप्रैजल नीति को समाप्त करना, वेतन विसंगतियों का निराकरण एवं वार्षिक वेतन वृद्धि की बहाली।

आंदोलन तेज करने की चेतावनी

संघ पदाधिकारियों ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।संघ के मीडिया प्रभारी दिलभान सिंह यादव ने कहा कि प्रदेशभर के हजारों संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी एकजुट होकर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं और मांगें पूरी होने तक हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने आंदोलन को प्रमुखता से प्रकाशित करने की मीडिया से अपील की है।

नगर नगरवासियों का 13 वर्षों की प्रतीक्षा हुई समाप्त

कैंट क्षेत्र में महाराजश्री की भव्य अगवानी मंडल का आज होगा शहर में मंगल प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

धर्म नगरी गुना के लिए बुधवार का दिन ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण बनने जा रहा है। लगभग 13 वर्षों की लंबी प्रतीक्षा के बाद जैन समाज के श्रद्धा और आस्था के केंद्र, आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर महाराज जी के परम शिष्य, जगतपूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर महाराज जी का ससंघ मंगल प्रवेश गुना नगर में होने जा रहा है। मुनि श्री के आगमन को लेकर पूरे शहर में उत्साह, श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना हुआ है।

केंट क्षेत्र में हुई भव्य अगवानी, श्रद्धालुओं में दिखा अपार उत्साह

जानकारी देते हुए विकास जैन नखराली ने बताया कि मुनि श्री का मंगलवार को केंट क्षेत्र में रात्रि विश्राम हुआ।

इसके पश्चात बुधवार सुबह श्रद्धालुओं द्वारा उनकी भव्य अगवानी की गई। बड़ी संख्या में जैन समाज के महिला-पुरुष, युवा और बच्चे मंगल प्रवेश यात्रा में शामिल होंगे। पूरे मार्ग पर स्वागत द्वार, पुष्पवर्षा एवं धार्मिक आयोजनों की तैयारियां की गई हैं।

नगर के प्रमुख मार्गों से निकलेगी मंगल प्रवेश यात्रा

मुनि पुंगव श्री सुधासागर महाराज जी का ससंघ मंगल विहार केंट क्षेत्र से प्रारंभ होकर हनुमान चौराहा, मुनिसुव्रतनाथ मंदिर, मंडी गेट, हाट रोड, निचला बाजार, जयस्तंभ चौराहा होते हुए बजरंगगढ़ रोड स्थित नसियाजी परिसर पहुंचेगा। यात्रा मार्ग पर विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा स्वागत मंच लगाए गए हैं, जहां श्रद्धालु मुनि श्री के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

पंचकल्याणक महामहोत्सव को मिलेगा आध्यात्मिक वैभव

मुनि श्री का यह आगमन इसलिए भी विशेष माना जा रहा है क्योंकि उनके सानिध्य में गुना में पांच मंदिरों के भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन को लेकर समाज में व्यापक उत्साह है। देश के विभिन्न राज्यों से हजारों श्रद्धालुओं के गुना पहुंचने की संभावना है।

धर्म और संस्कृति का बनेगा विराट संगम

जैन समाज के वरिष्ठजनों का कहना है कि मुनि पुंगव श्री सुधासागर महाराज जी के प्रवचन, तप, त्याग और आध्यात्मिक साधना ने देशभर में लाखों लोगों को प्रभावित किया है।

उनके गुना आगमन से न केवल धार्मिक वातावरण सुदृढ़ होगा, बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों, अहिंसा, संयम और आध्यात्मिक चेतना का भी प्रसार होगा।

ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनेगा गुना

करीब 13 वर्षों बाद किसी बड़े जैन संत के इस प्रकार ससंघ नगर प्रवेश को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। नगर के प्रमुख मार्गों पर स्वागत की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

धर्मप्रेमी नागरिकों का मानना है कि यह अवसर गुना के धार्मिक इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगा और पंचकल्याणक महामहोत्सव को नई आध्यात्मिक ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा।

पंचकल्याणक महोत्सव: 2 किमी लंबा निकलेगा भव्य जुलूस, 21 घुड़सवार करेंगे अगवानी

गुना। शहर में पूज्य मुनि श्री सुधासागर जी महाराज का 13 वर्षों बाद आगमन होने जा रहा है। इस अवसर पर आयोजित पंचकल्याणक महोत्सव को लेकर पूरे नगर में उत्साह का माहौल है। नगर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है तथा मुनिसंघ की अगवानी के लिए लगभग 2 किलोमीटर लंबा भव्य जुलूस निकाला जाएगा।जुलूस में विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के बैनर शामिल रहेंगे। जैन धर्म का संदेश देने वाला विशेष प्रचार वाहन धार्मिक उद्घोषों के साथ मार्गदर्शन करेगा। सजे हुए हाथ ठेलों पर पूर्व आचार्यों एवं मुनिराजों के चित्र प्रदर्शित किए जाएंगे। जिन शासन कार, गुरुदेव की प्रतिमा तथा धार्मिक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेंगी।मुनिसंघ की अगवानी के लिए 21 घुड़सवार विशेष वेशभूषा में शामिल होंगे। इसके अलावा 21 बैलगाड़ियां प्राचीन भारतीय संस्कृति और पौराणिक परंपराओं का प्रदर्शन करेंगी। बैंड दल, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, व्यायाम प्रदर्शन तथा विभिन्न धार्मिक झांकियां समारोह की शोभा बढ़ाएंगी।समारोह में दिगंबर जैन महिला महासमिति, एकता ग्रुप, पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति सहित अनेक सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाएं भाग लेंगी। आयोजन के दौरान 24 आरतियों से पूज्य मुनि श्री का स्वागत किया जाएगा।विशेष आकर्षण के रूप में कोटा से आए ड्रोन के माध्यम से पुष्पवर्षा की जाएगी। वहीं ललितपुर और अशोकनगर से आए कलाकार भव्य रंगोली का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन में 108 रजत कलशों से पूज्य मुनि श्री का पादप्रक्षालन भी किया जाएगा।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित नगर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा मुनिसंघ का स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार यह धार्मिक आयोजन गुना के इतिहास के सबसे भव्य आयोजनों में से एक होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

बमोरी पुलिस पर लापरवाही के आरोप

दबंगों के डर से तपती धूप में घुटनों के बल कलेक्ट्रेट पहुंचे मां और बेटा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के बमोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामपुर में कथित दबंगों से परेशान एक परिवार मंगलवार को न्याय की गुहार लगाने कलेक्ट्रेट पहुंचा। पीड़ित युवक अपनी वृद्ध मां के साथ तपती दोपहर और भीषण गर्मी में घुटनों के बल चलते हुए कलेक्ट्रेट परिसर तक पहुंचा, जिससे प्रशासन का ध्यान उनकी ओर आकर्षित हुआ।पीड़ित जितेन्द्र रजक ने आरोप लगाया कि गांव के कुछ प्रभावशाली लोग लगातार उनके साथ मारपीट कर रहे हैं और मकान बेचकर गांव छोड़ने का दबाव बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि 29 मई को उनके घर पर पहुंचे गांव के कुछ लोगों ने लाठी-डंडों से हमला किया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई और करीब 20 टांके लगाने पड़े। घटना में हाथ, पैर और जांघ में भी चोटें आई हैं।जितेन्द्र का कहना है कि शिकायत के बावजूद बमोरी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं की, बल्कि उल्टा उनके विरुद्ध भी प्रकरण दर्ज कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी पक्ष लगातार झूठे आरोप लगाकर उन्हें फंसाने का प्रयास कर रहा है और परिवार को धमकियां देकर गांव छोड़ने का दबाव बना रहा है।पीड़ित की मां रतनबाई ने बताया कि उनके बेटे को घर के सामने ही बेरहमी से पीटा गया, लेकिन इसके बावजूद आरोपियों के हौसले कम नहीं हुए हैं। वे लगातार परिवार को मकान खाली करने और गांव छोड़ने की धमकी दे रहे हैं, जिससे पूरा परिवार भय के माहौल में जी रहा है।मां-बेटे ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी, निष्पक्ष जांच और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।इस मामले में प्रशासनिक अधिकारियों ने आवेदन प्राप्त कर जांच के बाद उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जिले के लक्षित ब्लॉकों में 20 दिनों तक चलेगा विशेष जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा जिला कलेक्ट्रेट परिसर से जन स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में संचालित 'स्वास्थ्य प्रचार रथ' को हरी झंडी दिखाकर लक्षित क्षेत्रों के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री कन्याल ने अभियान की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि इस विशेष प्रचार रथ का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण व सुदूर क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं तथा शासकीय योजनाओं के प्रति व्यापक जन-जागरूकता (अवेयरनेस) का प्रसार करना है।

यह अभियान संपूर्ण मध्य प्रदेश के चयनित छह जिलों में संचालित किया जा रहा है, जिसमें सर्वप्रथम गुना जिले से इस अभियान का शुभारंभ किया जाना गौरव का विषय है। यह अभियान विशेष रूप से जिले के दो प्रमुख ब्लॉकों को केंद्र में रखकर संचालित किया जाएगा। इसमें गुना ग्रामीण (बमौरी क्षेत्र सहित) तथा चांचौड़ा का बीनागंज क्षेत्र विशेष रूप से शामिल हैं। स्वास्थ्य जागरूकता का यह सघन अभियान आगामी 20 दिनों तक निरंतर जारी रहेगा।अभियान को प्रभावी बनाने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके अंतर्गत ग्वालियर से आमंत्रित विशेषज्ञ कलाकारों की टीम द्वारा विभिन्न ग्रामों और चिन्हित स्थानों पर नुक्कड़ नाटकों एवं सांस्कृतिक मंचन के माध्यम से स्वास्थ्य संदेशों का जीवंत प्रदर्शन किया जाएगा। गर्भवती महिलाओं (प्रेग्नेंट वुमन) के बेहतर स्वास्थ्य, प्रसव पूर्व देखभाल और पोषण के संबंध में विशेष परामर्श व जानकारी दी जाएगी।कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से हमारा प्रयास है कि गुना जिले की आम जनता, विशेषकर गर्भवती माताएं, नवयुवक और राह भटके बच्चे जो नशे की ओर अग्रसर हो रहे हैं, वे स्वास्थ्य के प्रति सचेत हों। सामूहिक प्रयासों से जिले के स्वास्थ्य सूचकांकों में गुणात्मक सुधार (इम्प्रूवमेंट) सुनिश्चित होगा। इस जनसंचार अभियान के सफल संचालन में डॉ. मेघा गुप्ता (UNFPA) का महत्वपूर्ण सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। अभियान के माध्यम से समुदाय के विभिन्न वर्गों तक स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण संदेश पहुँचाए जाएंगे तथा जनसामान्य को उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का अधिकतम लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया जाएगा।

UNFPA एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयासों से संचालित यह अभियान समुदाय-आधारित स्वास्थ्य जागरूकता को सुदृढ़ करने तथा मातृ स्वास्थ्य, किशोर स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस जनसंचार अभियान के सफल संचालन में डॉ. मेघा गुप्ता (UNFPA) का महत्वपूर्ण सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है।

305 आवेदनों पर सुनवाई, आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य जांच और कानूनी सहायता का भी मिला लाभ

जनसुनवाई में जरूरतमंदों को मिली एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को आमजन के लिए राहत और सहायता का माध्यम बनकर सामने आई। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने जनसुनवाई में पहुंचे नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान गंभीर बीमारी, दुर्घटना एवं आर्थिक संकट से प्रभावित छह जरूरतमंद व्यक्तियों को कुल एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि के चेक वितरित किए गए।

कलेक्टर ने कैंसर पीड़ित पूजा बाई, आदर्श कॉलोनी निवासी सुरेन्द्र कुमार शर्मा, आंधी-तूफान से मकान क्षतिग्रस्त होने पर सहायता मांगने वाले बुदेल सिंह बाजरे, पत्नी के उपचार के लिए सहायता चाहने वाले राजेश अहिरवार, तथा उपचार सहायता के लिए पहुंचे कमलेश बुनकर को दस-दस हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। वहीं सड़क दुर्घटना में घायल ग्राम भदौर निवासी भूरा सिंह को उपचार हेतु 50 हजार रुपये की सहायता राशि दी गई।



दिव्यांगजनों को बांटे सहायक उपकरण

सुनवाई में दिव्यांगजनों को भी राहत प्रदान की गई। आदर्श कॉलोनी निवासी सुरेन्द्र कुमार शर्मा को ट्रायसाइकिल, पिपरोदाखुर्द निवासी श्रीमती विमला जाटव को बैसाखी तथा ग्राम भदौरा निवासी भूरा सिंह को व्हीलचेयर उपलब्ध कराई गई, जिससे उनके दैनिक जीवन में सुविधा होगी।

एक ही स्थान पर कई सेवाओं का लाभ

जनसुनवाई में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड निर्माण, नेत्र परीक्षण, एचआईवी जांच सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। साथ ही आधार पंजीयन एवं निःशुल्क विधिक सहायता सेवाओं का भी लोगों ने लाभ लिया। इस दौरान कुल 305 आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे, एसडीएम गुना शिवानी पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

विधायक प्रतिनिधि मिंटूलाल जैन का जन्मदिन धूमधाम से मनाया, चारधाम यात्रा से लौटे पार्षद बृजमोहन यादव का हुआ सम्मान

आरोन। नगर परिषद के विधायक प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ समाजसेवी मिंटूलाल जैन का जन्मदिन नगर सहित क्षेत्रभर में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दिनभर उनके निवास एवं कार्यालय पर शुभचिंतकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा नगरवासियों का तांता लगा रहा। सभी ने पुष्पमालाएं पहनाकर, मिठाई खिलाकर एवं शुभकामनाएं देकर उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।नगर परिषद कार्यालय परिसर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में मिंटूलाल जैन का जन्मदिन मनाने के साथ ही चारधाम यात्रा पूर्ण कर लौटे वार्ड क्रमांक-2 के पार्षद बृजमोहन यादव का भी सम्मान किया गया। दोनों जनप्रतिनिधियों का शॉल, श्रीफल एवं साफा बांधकर अभिनंदन किया गया तथा भगवान श्रीराम की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया गया।इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने मिंटूलाल जैन के जनसेवा, सामाजिक समरसता एवं विकास कार्यों में योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में पार्षद मूलचंद भोरे, नगर परिषद उपाध्यक्ष राजीव रघुवंशी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश कुमार सोनी, पार्षद रघुवीर ग्वाल, मसूक जैन, रामेश्वर साहू, तीरथ अहिरवार सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन शेख जिगर खान ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में मिंटूलाल जैन को समाजहित एवं जनसेवा के कार्यों में सदैव अग्रणी बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं पार्षद बृजमोहन यादव ने चारधाम यात्रा के आध्यात्मिक अनुभव साझा करते हुए इसे जीवन को नई ऊर्जा एवं सकारात्मकता प्रदान करने वाला बताया।अंत में मुकेश झा ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। जन्मदिन पर मिले स्नेह एवं सम्मान से अभिभूत मिंटूलाल जैन ने सभी शुभचिंतकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भविष्य में भी जनसेवा एवं विकास कार्यों के लिए समर्पित रहने का संकल्प दोहराया।



एकल की मासिक समीक्षा बैठक हुई संपन्न

गुना। एकल अभियान मध्य भारत सम्भाग चंबल भाग के अंचल गुना कार्यालय पर मंगलवार को आगामी कार्यक्रमों को लेकर मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का विधिवत शुभारंभ एकल पी सेवन जागरण शिक्षा प्रभारी विकास जैन नखराली, मध्य भारत संभाग हरि कथा अध्यक्ष घनश्याम रघुवंशी, अंचल गुना अध्यक्ष मनीष भार्गव, श्री हरि कथा अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव एवं महिला अंचल सचिव रेनू जैन ने मां सरस्वती जी एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर आरंभ कराया। साथ ही मंचासीन अतिथियों ने बैठक को संबोधित कर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत चर्चा कर कार्ययोजना बनाई गई जिसमें 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर नदी, तालाबों की साफ सफाई एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए गांव में में जन जागरण अभियान चलाना और 21 जून अंतराष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम प्रत्येक विद्यालय ग्राम पर सामूहिकता के साथ संपन्न कराना रहेगा । इसी के साथ ही एकल के गत माह हुए कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बैठक में भाग कार्यालय प्रमुख विजय सिंह सहरिया, अर्जुन सिंह भील, अंचल गतिविधि प्रमुख सुल्तान सिंह चंदेल, अंचल संस्कार शिक्षा प्रमुख सोनू बंजारा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा में कलेक्टर ने दिए सुरक्षा व त्वरित समाधान के निर्देश

लघु व दीर्घकालीन कार्य योजना के साथ विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करे विभाग: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने जिले में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित कर संबंधित अधिकारियों को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे, महाप्रबंधक विद्युत वितरण कंपनी वृत गुना अशोक कुमार शर्मा सहित विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान कलेक्टर श्री कन्याल ने जिले में विद्युत आपूर्ति के दौरान आने वाली तकनीकी समस्याओं एवं उनके निराकरण की स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। महाप्रबंधक श्री शर्मा ने बताया कि तेज आंधी एवं खराब मौसम के दौरान टीन शेड, पन्नी, फ्लेक्स, पेड़ों की शाखाएं तथा अन्य अवरोध विद्युत लाइनों पर आने से आपूर्ति प्रभावित होती है, जिसके कारण कई स्थानों पर तकनीकी

व्यवधान उत्पन्न हो जाते हैं।कलेक्टर श्री कन्याल ने निर्देशित किया कि विद्युत की सतत एवं निर्बाध आपूर्ति विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्युत संबंधी शिकायतों एवं आपात स्थितियों के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी अपने मोबाइल फोन सदैव सक्रिय रखें तथा प्राप्त शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें।बैठक में विद्युत कर्मचारियों की सुरक्षा को विशेष महत्व देते हुए कलेक्टर श्री कन्याल ने खंभों पर कार्य करने वाले कर्मचारियों को उपलब्ध सुरक्षा उपकरणों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी लाइनमैन एवं फील्ड कर्मचारी निर्धारित सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करें तथा हैंड ग्लव्स, प्लास, सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट एवं सुरक्षा जूतों सहित आवश्यक सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य रूप से उपयोग करें।कलेक्टर श्री कन्याल ने स्पष्ट रूप से कहा कि विद्युत कार्यों के लिए अधिकृत कर्मचारियों के स्थान पर किसी बाहरी व्यक्ति अथवा निजी व्यक्तियों से कार्य कराया जाना अत्यंत गंभीर लापरवाही है। ऐसी किसी भी शिकायत अथवा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विद्युत विभाग को विद्युत आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए लघु एवं दीर्घकालीन कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

साथ ही आगामी मानसून को दृष्टिगत रखते हुए विद्युत लाइनों, ट्रांसफार्मरों एवं अन्य आवश्यक अधोसंरचना के रखरखाव तथा मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि वर्षा ऋतु के दौरान विद्युत आपूर्ति बाधित न हो और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आमजनों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त वाहन एवं संसाधनों की व्यवस्था की जाए।

गीता संस्कृत स्वाध्याय मंडल गुना द्वारा गीता स्वाध्याय का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गीता संस्कृत स्वाध्याय मंडल गुना द्वारा सिसोदिया कॉलोनी स्थित अग्रवाल हाइट्स में गीता स्वाध्याय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम समाजसेवी प्रदीप बिंदल एवं श्रीमती नीलम बिंदल के निवास पर संपन्न हुआ।कार्यक्रम में श्रीमद्भगवद्गीता के पंचम अध्याय के श्लोक 12 से 22 तक का पाठ किया गया तथा उनका सरल हिंदी भाषा में भावार्थ एवं व्याख्या प्रस्तुत की गई। मंडल के सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से गीता पाठ संपन्न किया गया।इस अवसर पर श्रीमती नीलम बिंदल द्वारा सुभाषित, अमृत वचन एवं प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत किए गए, जिन्हें उपस्थित श्रद्धालुओं ने ध्यानपूर्वक सुना। इसके पश्चात गीता पूजन, आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।कार्यक्रम में उमाशंकर भार्गव, साकेत रघुवंशी, बृजभूषण शर्मा, ध्रुवनारायण गोयल, नीलम गोयल, वंदना मांढरे तथा अंकित पांडे सहित अनेक सदस्यों ने सहभागिता करते हुए गीता पाठ संपन्न कराया। उपस्थित सभी भक्तों ने सामूहिक रूप से धर्म लाभ प्राप्त किया।इस अवसर पर भगवद्गीता के संदेश को उद्धृत करते हुए बताया गया कि जो व्यक्ति परम प्रेम से इस गूढ़ रहस्ययुक्त गीता शास्त्र का प्रचार भक्तों के बीच करता है, वह निश्चित ही भगवान को प्राप्त करता है, इसमें कोई संदेह नहीं है।कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण एवं शांति पाठ के साथ किया गया।

सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों का पुलिस पेंशनर संघ गुना ने किया सम्मान, दिलाई संघ की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुलिस विभाग में लंबे समय तक सेवाएं देने के उपरांत 31 मई 2026 को सेवानिवृत्त हुए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का पुलिस पेंशनर संघ गुना द्वारा स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम गोपाल मंदिर प्रांगण, पुलिस लाइन गुना में सायं 5 बजे संपन्न हुआ।समारोह में सेवानिवृत्त सहायक उप निरीक्षक रामगोपाल तोमर, सहायक उप निरीक्षक ओ.पी. शर्मा, सहायक उप निरीक्षक लालाराम प्रजापति, प्रधान आरक्षक फूल सिंह तोमर तथा आरक्षक चालक राजेंद्र शर्मा का शाल, श्रीफल एवं पुष्पमालाएं पहनाकर सम्मान किया गया। साथ ही उन्हें पुलिस पेंशनर संघ गुना की सदस्यता भी ग्रहण कराई गई।कार्यक्रम में सेवानिवृत्त डीएसपी गोपाल शर्मा, आर.पी. वर्मा, मनीष गौतम, बृजमोहन कुशवाहा सहित संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।पुलिस पेंशनर संघ गुना के अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने सेवानिवृत्त अधिकारियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि सेवा निवृत्ति के बाद जीवन का एक नया अध्याय प्रारंभ होता है। उन्होंने सभी अधिकारियों से सामाजिक, पारिवारिक एवं जनहितकारी कार्यों से जुड़े रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाते हुए समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाना तथा अपने अनुभवों का लाभ समाज को देना ही सेवानिवृत्ति के बाद का वास्तविक दायित्व है।उन्होंने सभी

सम्मानित अधिकारियों के उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखद जीवन की कामना करते हुए उन्हें संघ की गतिविधियों एवं उद्देश्यों से भी अवगत कराया।कार्यक्रम के अंत में संघ के कोषाध्यक्ष नरेंद्र सिंह जाट ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी सदस्य मिलकर संघ को और अधिक सशक्त बनाएं तथा समाजहित के कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाएं, जिससे समाज में पुलिस के प्रति विश्वास और सम्मान की भावना और अधिक मजबूत हो सके।कार्यक्रम का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि पुलिस पेंशनर संघ सेवा काल के दौरान अर्जित अनुभवों का उपयोग समाज, परिवार एवं प्रशासन के सहयोग में करते हुए जनसेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाता रहेगा। संघ का मुख्य उद्देश्य सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को संगठित कर समाज के प्रति उनकी सकारात्मक भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाना है।

कूप निर्माण की बकाया राशि दिलाने की मांग, ग्रामीण ने एसडीएम को सौंपा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

तहसील चाचौड़ा के ग्राम जलालपुरा निवासी अमर सिंह भील पुत्र हजारीलाल भील ने अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) चाचौड़ा को आवेदन सौंपकर कूप निर्माण कार्य की बकाया राशि दिलाने की मांग की है।आवेदन में अमर सिंह भील ने बताया कि वर्ष 2020-21 में उनके नाम से कूप निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ था। उन्होंने स्वयं के स्तर पर राशि खर्च कर कूप का निर्माण कार्य पूर्ण कराया, लेकिन योजना के तहत मिलने वाली पूरी भुगतान राशि आज तक प्राप्त नहीं हुई है। उनका आरोप है कि उन्हें केवल आंशिक भुगतान किया गया, जबकि शेष राशि अब भी लंबित है।ग्रामीण का कहना है कि इस संबंध में उन्होंने

कई बार संबंधित विभागीय अधिकारियों के समक्ष शिकायत एवं आवेदन प्रस्तुत किए, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर बकाया राशि का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की है।एसडीएम कार्यालय में दिए गए आवेदन में अमर सिंह भील ने कहा कि कूप निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद भुगतान नहीं मिलने से उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर न्याय दिलाने और लंबित राशि का भुगतान कराने की मांग की है। प्रशासन द्वारा आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की बात कही गई है।

जिले में जमीन विवाद कम होने का नाम नहीं ले रहे

जनसुनवाई में जमीनी विवाद से संबंधित सबसे अधिक आवेदक अपनी समस्याएं लेकर आए

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

जिला स्तरीय जनसुनवाई में मंगलवार को सबसे अधिक आवेदक जमीन संबंधी समस्याओं को लेकर आवेदन देने पहुंचे इन आवेदकों का कहना था कि उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया गया है या फिर बटवारे की समस्या है। जब भी फसल बोवनी का मामला आता है तब इस तरह के आवेदन सबसे अधिक आते हैं और जब फसल कटाई का समय आता है और तब भी आवेदक जमीन संबंधी शिकायते लेकर पहुंचते हैं। मंगलवार को जनसुनवाई में 350 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनमें अधिकांश समस्याएं जमीनी विवाद को लेकर हैं।

जनसुनवाई में ग्राम रूहाना निवासी भरत सिंह द्वारा संबल योजना की राशि दिलाये जाने, पिपरई निवासी बादाम सिंह द्वारा सीमांकन

कराये जाने, मुंगावली निवासी समरथ सिंह द्वारा भूमि हिस्से पर जबरन कब्जा करने,पिपरई निवासी मुन्नालाल आदिवासी पट्टा दिलाये जाने, ग्राम खजुरिया निवासी हरि सिंह द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने,शाढौरा निवासी मुन्नीबाई द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने, ग्राम पौरखी निवासी रघुवीर रघुवंशी द्वारा सीमांकन कराये जाने,ग्राम सेमरीटंकी राजेन्द्र लोधी मसूर की राशि का भुगतान कराये जाने,ग्राम तूमैन निवासी कुन्दन सिंह अहिरवार द्वारा सीमांकन कराये जाने,अशोकनगर निवासी रेखा शर्मा द्वारा नया गैस कनेक्शन दिलाये जाने,ग्राम बंगला चैराहा निवासी रामगोपाल अहिरवार द्वारा राहत राशि दिलाये जाने, संबंधी अन्य आवेदन आवेदकों से प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, संयुक्त कलेक्टर आदि रहे मौजूद।

श्री राम कथा में शिव विवाह प्रसंग का हुआ भावपूर्ण वर्णन

अशोकनगर। ग्राम महिदपुर में श्री 1008 श्री श्री 21 कुंडात्मक श्री राम महायज्ञ के अंतर्गत आयोजित श्री राम कथा में गुरुवार को शिव विवाह प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण एवं भक्तिमय वर्णन किया गया। कथा वाचक परम पूज्य राष्ट्रीय संत, जगद्गुरु रामानंदाचार्य श्री राम दिनेशाचार्य ने भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य विवाह की कथा सुनाते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति, तपस्या एवं आदर्श दांपत्य जीवन का संदेश दिया। कथा के दौरान जगद्गुरु श्री राम दिनेशाचार्य ने बताया कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तप किया था। उनकी अटूट श्रद्धा और समर्पण से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उनसे विवाह किया। शिव-पार्वती का विवाह केवल एक धार्मिक प्रसंग नहीं, बल्कि त्याग, समर्पण और प्रेम का अद्भुत प्रतीक है। शिव विवाह की कथा सुनकर कथा पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। भगवान शिव और माता पार्वती के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कथा के दौरान भजनों एवं मंगल गीतों की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को शिवमय बना दिया। आयोजन समिति के अनुसार श्री राम महायज्ञ एवं श्री राम कथा का आयोजन निरंतर जारी है, जिसमें प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं। कथा के अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। महिदपुर में चल रहे श्री 1008 श्री श्री 21 कुंडात्मक श्री राम महायज्ञ एवं श्री राम कथा में प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया जा रहा है।

संविदा कर्मचारियों ने जिला अस्पताल परिसर में मांगों लेकर धरना दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर जिला अस्पताल परिसर में धरना दिया गया, इस दौरान कहा गया कि प्रदेश के 32 हजार कर्मचारियों के हितों को निरंतर अनदेखा किया जा रहा है एवं मुख्यमंत्री की उपस्थिति में कर्मचारियों की माँगो पर सहमति हुई परंतु 01 वर्ष होने पश्चात भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। जिससे प्रदेश के समस्त कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा आंदोलन की रूप रेखा तय की गई है जिसके तहत यह धरना दिया गया। अगर मांगो का 20 दिवस के भीतर निराकरण नही किया गया तो आगामी रूप से आंदोलन व्यापक स्तर पर किया जाएगा। 08 जून 2026 को जिले के समस्त कर्मचारी भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे।

कर्मचारियों की मांगे

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सभी संविदा कर्मचारियों को मुख्यमंत्री द्वारा 30 जनवरी 2026 को दशहरा मैदान टी.टी. नगर में अभिनंदन कार्यक्रम में की गई घोषणा अनुसार नियमितिकरण का लाभ दिया जाये।
- सामान्य प्रशासन 2023 की नीति अनुसार एन.पी.एस. एवं स्वास्थ्य बीमा का लाभ प्रदान किया जाये।
- अन्य राज्यों की भांति 10 प्रतिशत वार्षिक वेतनवृद्धि दी जाये ।
- नियमित कर्मचारियों की भांति मंहगाई भता प्रदान किया जाये।
- सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के वेतन में पी.बी.आई. समायोजित किया जाये एवं पूर्व की भांति इंडीगेटर किये जाये ।
- शासन द्वारा समकक्षता (वेतन विसंगति) का निर्धारण गलत किया गया है। जिस पर पुन: विचार कर संशोधित किया जाये।
- संविदा कर्मचारियों को नियमित की भांति अवकाश प्रदान किये जाये।
- शासन की मंशा के अनुसार समान कार्य एवं समान वेतन एवं सुविधायें न मिलने तक सार्थक एप बंद किया जाये।

अभिनव शर्मा का आईआईटी में चयन हुआ, दी बधाई

अशोकनगर। नगर के अभिनव शर्मा का आईआईटी (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) में चयन हो गया है। भारत की सबसे कठिन परीक्षा जेईई एडवांस के द्वारा देश की प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में प्रवेश मिलता है। देश के 16 लाख विद्यार्थियों ने जेईई मैन की परीक्षा में बैठे थे, जिसमें से 2.5 लाख विद्यार्थियों का चयन जेईई एडवांस की परीक्षा देने के लिए हुआ था। इन चयनित विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस की परीक्षा में शामिल हुए। जिनमें में से लगभग 56 हजार विद्यार्थी सफल हुए। इन सफल विद्यार्थियों में से देश के कुल 18 हजार विद्यार्थियों को देश की 23 आईआईटी संस्थानों में प्रवेश मिलता है। शहर के अभिनव ने इतिहास रचते हुए देशभर में 12568 वी रैंक प्राप्त कर आईआईटी में अपनी सीट पक्की कर ली है। तकनीकी शिक्षा क्षेत्र के जानकार बताते है कि यह उपलब्धि बहुत महत्वपूर्ण है।

आईआईटी में प्रवेश पाना विद्यार्थियों का सपना होता है। उत्कृष्ट विद्यालय अशोकनगर के छात्र अभिनव शर्मा ने कोटा या इंदौर के किसी प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों की बजाय घर से ऑनलाइन तैयारी की और अपना लक्ष्य प्राप्त किया। अभी कक्षा 12 की परीक्षा में भी उत्कृष्ट विद्यालय में 93 प्रतिशत अंकों के साथ अभिनव ने गणित संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। अभिनव शर्मा के पिता शिवकुमार शर्मा समाजसेवी है और शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष है,विद्यालय परिवार और सभी इष्ट मित्रों ने बधाई दी है।

जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 05 जून जनपद पंचायत अशोकनगर में होगा

अशोकनगर। सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार एवं कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में प्रत्येक माह में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। इस सम्बन्ध में प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी अशोकनगर ने बताया कि सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग एवं कौशल विकास एवं रोजगार,उच्च शिक्षा विभाग/राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से जिला स्तर पर 05 जून को जनपद पंचायत अशोकनगर, जिला अशोकनगर में प्रातः 11.00 बजे से युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एक ही मंच पर रोजगार व स्वरोजगार के लिए बेरोजगार युवाओं को लाभान्वित किया जाता है।

पीएम श्री हाई स्कूल शाढ़ौरा में सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭शाढ़ौरा

शासकीय पीएम श्री हाई स्कूल शाढ़ौरा के महेंद्र कुमार तिवारी के सेवानिवृत होने पर विद्यालय परिवार द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। मंगलवार को शा.पीएम श्री हाई स्कूल शाढ़ौरा में विद्यालय परिवार के महेन्द्र कुमार तिवारी को अर्धबार्षिकी आयु पूर्ण कर अपने पद से सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय परिवार द्वारा विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें

प्राचार्य रामवली रघुवंशी, राजाराम रामडे(प्र.अ.)सेवानिवृत्त तिवारी, विद्यालय परिवार के शिवराज रघुवंशी, शिवकुमार रघुवंशी,परमल सिंह,वीरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र गिरी गोस्वामी,नरेन्द्र कुमार पलिया, सत्येंद्र रघुवंशी, प्रेम प्रकाश रघुवंशी, नीलम सिंह यादव, साधना जैन, राधा शर्मा, सौरभ रघुवंशी उपस्थित हुए। सभी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए तिवारी के उज्जवल भविष्य की कामना की छात्र-छात्राओं को तिवारी द्वारा मिष्ठान वितरण किया गया।

रोजगार शिविरों का आयोजन

अशोकनगर। भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं जिला प्रशासन तथा म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग नीमच द्वारा सुरक्षा सैनिक भर्ती केंपो का आयोजन जिले में किया जा रहा है। यह विशेष भर्ती शिविर जनपद पंचायत चंदेरी में 03 जून को जनपद पंचायत मुंगावली 04 जून को तथा जनपद पंचायत अशोकनगर 05 जून 2026 को आयोजित किये जायेगे। यह शिविर प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे तक आयोजित होगें।

जनगणना के प्रथम चरण का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

जिले में जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण का कार्य जिला अशोकनगर द्वारा समय सीमा में 101.20 प्रतिशत कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कर लिया गया है। इस कार्य के तहत जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रो में प्रत्येक भवन और मकान का सर्वेक्षण कर आवश्यक जानकारी संकलित की गई। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी साकेत मालवीय के निर्देशन में तथा अपर कलेक्टर डी एन सिंह के मार्गदर्शन में मकान सूचीकरण का कार्य पूरा किया गया। प्रथम चरण के जनगणना कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होने पर कलेक्टर साकेत मालवीय एवं अपर कलेक्टर डी एन सिंह का जिला प्रभारी जनगणना निदेशालय भोपाल मोहम्मद जमीन खान, मास्टर ट्रेनर मनीष वैद्य, जिला नोडल अधिकारी अनिल खंतवाल तथा विनोद सिहारे द्वारा सम्मान किया गया।

शहर में अराजकता की स्थिति, आमजन परेशान हुए, प्रशासन के अधिकारी भी समझाते रहे

खाद की मांग को लेकर किसानों का गुस्सा जारी, विरोध में चौराहों पर जाम लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

खाद को लेकर किसानों का आंदोलन दूसरे दिन भी जारी रहा, किसानों की एक ही मांग है कि उन्हे पर्याप्त मात्रा में खाद चाहिए, लेकिन प्रशासन सिस्टम के माध्यम से किसानों को खाद देने में लगा है लेकिन किसानों को इंतजार इतना करना पड़ रहा है कि दो से तीन दिन उन्हे इंतजार में लग रहे हैं।

एक दिन पहले किसान संघ ने किया था विरोध प्रदर्शन

एक दिन पहले भी भारतीय किसान संघ ने विरोध प्रदर्शन कर ट्रेक्टर ट्राली खाली लाकर विरोध जताया था और खाद की मांग की थी। प्रशासन के आश्वासन के बाद किसान मार्कफेड के गोदाम पर पहुंचे लेकिन कुछ को ही खाद मिल पाया अधिकांश किसानों को अगले दिन के लिए इंतजार करना पड़ा जिसके बाद और भी किसान आ गए जिसमें आंदोलन का रूप धारण कर लिया।

किसानों का कहना दो दिन से कर रहे हैं खाद मिलने का इंतजार

जिले में किसानों को खरीफ की फसलों को लेकर यूरिया से लेकर डीएपी खाद की जरूरत है, लेकिन किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। किसान अपने साथ खाने पीने का सामान तक लेकर आए है कि उन्हें पता नहीं कि कितने दिन तक इंतजार करना पडे।

खाद लेने पहुंचा किसान बेहोंश हुआ

इसी दौरान मार्कफेड की गोदाम पर खाद के लिए पहुंचे किसान देवेन्द्र लोधी अचानक बेहोंश हो गए। वह किसान संघ के ईसागढ ब्लॉक के मंत्री हैं, एक दिन पहले हुए आंदोलन में वह अपने साथ 10 ट्रेक्टर ट्राली लेकर किसानों के साथ धरने में शामिल होने पहुंचे थे लेकिन खाद न मिलने के कारण वह परेशान थें किसान के बेहोंश होने के बाद मौके पर मौजूद अधिकारी पहुंचे और किसान को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

दो दिनों में किसानों की भीड मार्कफेड के गोदाम पर बढी

जिन किसानों को खाद की जरूरत है वह किसान मार्कफेड की गोदाम पर एक दिन पहले से जमा हैं, जब किसानों को खाद नहीं मिला तो यह किसान अपनी बारी का इंतजार करते रहे। मंगलवार को भी जिले भर से किसान अशोकनगर मार्कफेड की गोदाम पर पहुंच गए, किसानों की बढ़ती भीड के बाद किसानों को ई टोकन के साथ खाद वितरण का आश्वासन दिया गया। जब किसानों को खाद का वितरण उनकी मांग के अनुसार नही हो पाया तब यह किसान विरोध में उतर आए और अशोकनगर विदिशा रोड़ पर मार्कफेड गोदाम के बाहर उन्होंने जाम लगा दिया। जिसके कारण अशोकनगर विदिशा रोड और महेश मंदिर टॉकीज से मंडी को जाने वाला रास्ता भी बंद हो गया। जाम लगा होने के कारण वाहन चालक न इस पार आ रहे थे न उस पार जा पा रहे थे जिसके बाद कईं वाहन चालकों ने वायपास रोड का सहारा लिया लेकिन किसानों का यह आंदोलन धीरे धीरे आगे बढ़ता गया और एचडीएफसी चैराहे के साथ सेन चैराहे पर भी किसानों ने आंदोलन का रूप धारण कर लिया।

किसानों का कहना है नेताओं के घर पहले पहुंच रही है खाद

इन किसानों का समझाने का प्रयास करते हुए सिटी कोतवाली के टीआई रवि प्रताप सिंह चैहान भी देखे गए लेकिन किसान मानने को तैयार नहीं थे किसानों का कहना था कि जो नेता टाइप के किसान हैं उनके यहां खाद पहले पहुंच जाता है। हम लोगों को खाद के लिए परेशान होना पड़ रहा है हमारी सुनवाई करने के लिए कोई नहीं आ रहा, अगर हमकों खाद समय पर नहीं मिली तो कैसे होगी खरीफ फसलों की बोवनी।

संयुक्त किसान मोर्चा ने किसानों को पानी के पाउच प्रदान किए

उधर दूसरी ओर संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से जसदेवसिंह भी अपने साथियों के साथ धरना दे रहे किसानों के साथ नजर आए इस दौरान उन्होंने किसानों की पीड़ा को समझा और किसानों को पानी के पाउच उपलब्ध कराए और कहा कि अच्छी तरह से प्रशासन को मालूम है कि किसानों को इस समय खाद की जरूरत होती है किसानों की मांग के अनुसार पर्याप्त मात्रा में खाद का भंडारण होना चाहिए और वितरण की ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए कि आसानी से किसानों को खाद मिल सके।

शहर के एचडीएफसी, सेन चैराहे त्रिदेव मंदिर, चैराहे पर जाम रहे

शहर में मंगलवार का दिन वाहन चालकों के लिए परेशानी के रूप में गजरा, शहर के लोग तो परेशान हुए ही बाहर से आने वाले वाहन जो शहर के अंदर से निकले वायपास रोड से निकलते हैं उन्हे भी परेशान होना पड़ा, उन्हें घंटो तक जाम खुलने का इंतजार करना पड़ा। इस दौरान कईं किसान और किसान पुत्र इन वाहन चालको की बात समझते भी नजर आए लेकिन कईं किसान ऐसे थे कि वह बात सुनने तैयार नहीं थे क्योंकि जिन रास्तों से वाहन निकलना थे उन सभी रास्तों पर जाम की स्थिति बनी हुई थी, एक चैराहे से निकलने के बाद दूसरे चैराहे पर भी वहीं जाम की स्थिति नजर आई।

किसान अपने वाहन निकालने के लिए भी परेशान हुए

कृषक सुरेन्द्र सिंह मलावनी ने बताया कि उन्हें भी अपना वाहन निकालने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा, जब ओवर ब्रिज से वाहन नहीं निकल पाया तब शहर से निकले अंडर ब्रिज से वाहन निकालने का प्रयास किया गया। लेकिन वहां भी वाहनों की संख्या अधिक होने के कारण वाहन निकालना मुश्किल हो रहा था,वह जाम में काफी समय तक फंसे रहे।

ग्राम पंचायतों में दिया गया प्रशिक्षण

विकास पोर्टल के माध्यम से सुगम होगी खाद वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार जिला पंचायत अशोकनगर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश कुमार जैन के मार्गदर्शन में मंगलवार को जिले की ग्राम पंचायतों में ई-विकास (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) प्रणाली का व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस विशेष अभियान के तहत जनपद पंचायत अशोकनगर की ग्राम पंचायत गता शाढ़ौरा ,चिरौली, दियाधरी मयापुर, सहोदरी, मसीदपुर सहित विभिन्न पंचायतों में किसानों को खाद प्राप्ति के लिए ई-टोकन जनरेट करने की तकनीकी व व्यावहारिक जानकारी दी गई। किसानों को सुगमतापूर्वक और शत-प्रतिशत पारदर्शिता के साथ उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह नई व्यवस्था लागू की गई है। किसानों को अवगत कराया गया कि वे अपनी ग्राम पंचायत में स्थित कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से मात्र 15 का सेवा शुल्क देकर अपना ई-टोकन आसानी से पंजीकृत करवा सकते हैं।

ग्राम स्तर पर सरपंचों को इस ई-टोकन प्रणाली का मुख्य नियंत्रक बनाया गया है, जिनकी देखरेख में पूरी प्रक्रिया संचालित की जा रही है। कॉमन सर्विस सेंटर संचालकों को रोजाना कम से कम 50 से 60 किसानों को ई-टोकन हेतु पंजीकृत करने और प्रशिक्षित करने का लक्ष्य दिया गया है। टोकन जनरेट होने के बाद किसानों को मार्कफेड के डबल लॉकर, सहकारी समितियों या निजी डीलरों के पास उपलब्ध खाद के स्टॉक के अनुसार तत्काल उर्वरक काउंटर से वितरित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण और नई व्यवस्था की मॉनिटरिंग के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को नोडल अधिकारी तथा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंदसौर मिल क्षेत्र निवासी नीतू कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रदीप कुशवाह, अभि कुशवाह, सुनीता, बबलू कुशवाह आदि ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत अमित अहिरवार निवासी अशोकनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजा, वीरू, प्रमोद, बलराम, और जितेन्द्र ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरेसरा निवासी अर्जुन जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी करण सिंह और महेन्द्र जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बाढ़ौली निवासी नीरज राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कुलदीप राजपूत ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महुआखाडी निवासी प्रेम सिंह बागडी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पप्पू वीरू, मुकेश और राज अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सुमेर निवासी अजेन्द्र वैश्य ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजवीर वैश्य और राजा शर्मा जमीन और घर के बटवारे के ऊपर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस ने लूट का किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

2.5 लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण बरामद

चंदेरी पुलिस ने लूट के एक प्रकरण में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। पुलिस द्वारा लूट की वारदात का खुलासा करते हुए आरोपियों से लगभग 2.5 लाख रुपये मूल्य का लूटा गया माल बरामद किया गया है।

उल्लेखनीय है कि 27 मार्च 2026 को फरियादी दीपक पुत्र कंजू चैरे, निवासी कुंडीपुरा, छिंदवाड़ा द्वारा थाना चंदेरी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 26 मार्च 2026 की रात्रि लगभग 10.30 बजे वह अपनी पत्नी एवं पुत्री के साथ मोटरसाइकिल से ललितपुर से गूडर जा रहा था। ग्राम खैरा के आगे पुलिया के पास तीन अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने कट्टे का भय दिखाकर उन्हें रोक लिया तथा उनकी पत्नी के सोने के आभूषण, चांदी की पायल, मोबाइल फोन, बैग, पर्स एवं नगदी लूटकर फरार हो गए। रिपोर्ट पर थाना चंदेरी में अपराध क्रमांक 183/2026 धारा 304 (2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रकरण में धारा 309(4) बीएनएस का इजाफा किया गया। थाना प्रभारी चन्देरी के नेतृत्व में टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस टीम द्वारा विवेचना के दौरान थाना चंदेरी के अप0क्र0 177/2026 धारा 140(2), 126 (2), 115(2),296(बी),351(2),3(5)बीएन एस में गिरफ्तार पीआर शुदा आरोपी भगोले उर्फ रनवीर पुत्र बृजेन्द्र बुन्देला उम्र 25 साल निवासी जमुसर हाल मीट मार्केट चन्देरी एवं जगदीश पुत्र देवीदिन पटेल (कुर्मी) उम्र 30 साल निवासी ग्राम बैला थाना पलेरा जिला टीकमगढ से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने 26.03.2026 को अपने एक अन्य साथी इंदु बुंदेला के साथ मिलकर उक्त लूट की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों के मेमोरेंडम के आधार पर आरोपी भगोले उर्फ रनबीर बुंदेला के कब्जे से लूटे गए सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ी सोने की झुमकी तथा एक जोड़ी चांदी की पायल, कुल कीमत लगभग 2.5 लाख रुपये, बरामद की गई है। प्रकरण का एक अन्य आरोपी इंदु बुंदेला वर्तमान में जेल में निरुद्ध है, जिसकी गिरफ्तारी प्रकरण में शेष है। गिरफ्तार आरोपी भगोले उर्फ रनबीर बुंदेला एवं जगदीश पटेल को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रकरण की विवेचना जारी है।

सुधीर गुप्ता को मिला साहित्य मनीषी का सम्मान हरिद्वार में हुआ कवि सम्मेलन

अशोकनगर। कला साहित्य संस्कृति को समर्पित संस्था नर्मदा आव्हान सेवा समिति नर्मदा पुरम के तत्वाधान में उत्तराखंड में मां गंगा के तट पर स्थित हरिद्वार में अखिल भारतीय काव्य महोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अशोकनगर के कवि सुधीर गुप्ता ने कविता पाठ कर श्रोताओं को मंत्र मुक्त किया। यह आयोजन प्रेस क्लब हरिद्वार के सुसज्जित हाल में हुआ। समारोह का संयोजन कैप्टन किशोर करैया ने तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता विजेंद्र हर्ष ने की। दिल्ली से आईं अनुराधा पाण्डेय मुख्य अतिथि रहीं। देश के विभिन्न प्रांतो से पधारे कई कवित्रियों ने काव्य पाठ किया जिनमें अशोकनगर के सुधीर गुप्ता, हरदा से शिरीष अग्रवाल,कटनी से अनिल मिश्रा, उमरिया से राम लखन अक्खड़, भोपाल से अभिलाष श्रीवास्तव, हरिद्वार से प्रतिभा सिंह, भोपाल से ही सुनील केहरि, बरेली से अशोक श्रीवास्तव, मैनपुरी से मनोज चैहान, तेंदूखेड़ा से प्रियंका, पिपरिया से रोशनी रावत एवं अन्य कवियों ने काव्य पाठ किया। जिसे श्रोताओं का भरपूर समर्थन मिला। कवि सम्मेलन पश्चात कवि कवियत्रियों को नर्मदा आवाहन सेवा समिति द्वारा स्मृति चिन्ह एवं साहित्य मनीषी सम्मान से अलंकृत किया गया।

साइबर क्राइम के बढ़े मामले, कई लोग खातों से पैसे निकालने की शिकायत लेकर पहुंचे

बिना किसी ट्राजेक्सन के 4 लाख 86 हजार रुपए खाते से निकले

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले में साइबर क्राइम के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं, आए दिन लोग जिले के पुलिस अधिकारियों के यहां या फिर साइबर क्राइम शाखा में इस तरह की शिकायतें लेकर पहुंच रहे हैं। स्थानीय कबीरा रोड निवासी गणेश ओझा ने शिकायत की है कि उसके बैंक खाते से बिना किसी ट्रांजेक्शन के 4 लाख 86 हजार रूपए निकल गए।

7 बार में खाते से रूपए निकाले गए

गणेश ओझा ने बताया कि वह माता मंदिर कबीरा रोड का निवासी है और उसका बैंक खाता 881701000006717 जो कि बैंक ऑफ बड़ौदा में है जिसकी शाखा सेन चैराहे पर है। इस खाते में 4 लाख 86 हजार 450 रूपए थे जो सभी निकल गए। शिकायत में कहा गया है कि उसके मोबाइल पर मैसेज आया कि अमेजोन बिल पेमेंट से रूपए काटे गए हैं, जबकि मैने किसी प्रकार का कोई ऑनलाईन ट्रांजेक्शन नहीं किया है और न ही मैने किसी को कोई ओटीपी दी है इसके बाद भी मेरे खाते से रूपए काट लिए गए हैं। यह रूपए 7 बार में निकाले गए हैं जिसमें 98000, 48743, 49578, 50086, 98440, 109557 और 32000 रूपए हैं।

ईसागढ की सोनल वर्मा के खाते से 49 हजार रूपए निकाले गए

इसी प्रकार सोनल वर्मा पत्नि अमितकुमार वर्मा निवासी ईसागढ ने भी शिकायत दर्ज कराई है कि वह ईसागढ के निवासी हैं और उनका भारतीय स्टेट बैंक में खाता क्रमांक 63024684439 है, जिसमें से 49000 रूपए निकाले गए हैं। जिसके संबंध में सोनल वर्मा का कहना है कि उनके द्वारा साइबर क्राइम द्वारा देश भर में जारी किए गए नंबर 1930 पर शिकायत भी की गई थी जिसका शिकायत नंबर सीवाईबी 31052600958 हैं

एक ही शिकायत के दो अलग अलग नबंर

जब अशोकनगर क्राइम शाखा में संपर्क किया गया और बताया गया कि उनके द्वारा 1930 साइबर क्राइम नंबर पर शिकायत भी की गई है तब अशोकनगर शाखा ने बताया कि उनकी शिकायत का नंबर 32106260024736 है। यह बात समझ से परे है कि 1930 नंबर पर दी गई जानकारी में शिकायत नबंर कुछ और बताया जा रहा है और अशोकनगर शाखा में कुछ और नबंर बताया जा रहा है एक शिकायत कर्ता के दो नंबर कैसे हो सकते हैं।

संतराम कुशवाह के खाते में 600 रूपए आए और निकल भी गए

साइबर क्राइम का एक यह दूसरा मामला है जिसमें संतराम कुशवाह ने पुलिस अधीक्षक अशोकनगर के यहां पर शिकायत दर्ज कराई है कि वह ग्राम पलकाटोरी थाना देहात का निवासी है। उसका इंडिया पोस्ट बैंक में खाता है, जिसका नंबर 026910114669 है,जिसमें 500 रूपए 19 दिसंबर 25 और 28/5/26 को 100 रूपए आए हैं यह रूपए आने के बाद निकाल भी लिए गए उसे पता भी नहीं है न कोई जानकारी है न ही मैसेज आया और उक्त पैसे आकर निकल गए। जब मैने बैंक में जाकर शिकायत की तब बैंक ने उसके खाते पर होल्ड लगा दिया। अब बैंक खाते पर से होल्ड नहीं हटा रहा है जिसे लेकर उसने अपनी शिकायत में इस होल्ड को भी हटवाने की मांग की है।

हेमन्त शर्मा के खाते से 1 लाख 45 हजार निकाले गए

इसी प्रकार यादव कॉलोनी निवासी हेमन्त शर्मा ने भी शिकायत दर्ज कराई है कि उनके खाते से अज्ञात व्यक्ति द्वारा व्हाटस्एप पर लिंक भेजकर दोनों खातों से 1 लाख 45 हजार 976 रूपए निकाल लिए गए हैं। इस तरह के मामले आए दिन अशोकनगर जिले में सामने आ रहे हैं, एक सप्ताह में लगभग 3 से 4 मामले सामने आ रहे हैं। जिसमें ऑनलाईन बैंक खातों से रूपए निकलने की घटनाएं सामने आ रही हैं, साइबर फ्रोड की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। किसी न किसी बहाने से ओटीपी नंबर पूछकर यह साइबर फ्रोड किया जा रहा है।

इनका कहना है

अशोकनगर जिले में प्रति सप्ताह इस तरह के लगभग 3 मामले सामने आ रहे हैं, इस तरह के साइबर फ्रॉड को रोकने के लिए पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जाता है और लोगों को जागरूक किया जाता है। खासतौर से महिलाओं और बच्चों द्वारा ओटीपी मांगने पर न देने की समझाइस दी जाती है। शासन द्वारा प्रदेश के प्रत्येक जिले में साइबर थाना खोलने की योजना है, अशोकनगर जिले में यह थाना खोला जाना प्रस्तावित है, जिसके लिए भूमि भी आवंटित हो गई है लेकिन थाना नही खुला है शासन के आदेश का इंतजार है।

गजेन्द्र सिंह कंवर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर

पंच कल्याणक महोत्सव व विश्व शांति महायज्ञ का दुर्लभ संयोग

'विज्ञान से विकास के साथ साईड इफेक्ट भी जुड़ा है'

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

परम पूज्य निर्यापक श्रमण राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ससंघ 18 पिच्छिकाओं के साथ शाढ़ौरा से गुना के लिए विहार कर गए थे। आज गुना में उनका मंगल प्रवेश होगा जहां अंचल में पहली बार एक साथ पांच स्थानों के पंच कल्याणक के साथ विश्व शांति महायज्ञ गजरथ महोत्सव का आयोजन सुप्रसिद्ध जैन तीर्थ क्षेत्र पुण्योदय तीर्थ बजरंगगढ़ के निमित्त नशियां जी में होने जा रहे हैं। इसके साथ ही नवीन गौशाला स्थित जिनालय शीतलनाथ जिनालय नशियां जी में विराजमान विशाल प्रतिमा के पंच कल्याणक एक साथ होने जा रहे हैं। इस हेतु तीर्थ क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष एस के जैन महामंत्री प्रदीप जैन सहित कमेटी ने पीलीघटा में नपा अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता के साथ पहुंचकर श्री फल भेंट किया।

इस बार पूरे नगर के लिए आया हूं किसी मंदिर या मोहल्ले के लिए नहीं

जिज्ञासा समाधान के दौरान राष्ट्रसंत मुनि पुगंव श्री सुधासागर जी महाराज ने कहा कि इस बार पूरे गुना का मंगल करने आया हूं। किसी मन्दिर या मोहल्ले के लिए नहीं जहां भी बैठूंगा पूरे गुना जैन जैनेतर सभी का मंगल हो। ऐसा कुछ हम सब मिलकर करेंगे भावना अलग बात है मुझे किसी मन्दिर या मोहल्ले से वाधने की कोशिश न करें पिछले चातुर्मास में जिस तरह से खुले मंच से सर्व समाज ने लाभ लिया था आज भी यहां आकर कह रहे थे इस बार भी सबको लाभ मिले सब का भाग्य चमके मंगल हो साधु यहीं तो दुआ और आशीर्वाद देता है।

एक हजार साल के बाद हो रहा है ऐसा महोत्सव

जिज्ञासा समाधान के दौरान मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि श्रावक श्रेष्ठी पाडाशाह द्वारा एक हजार साल पहले जिस तीर्थ की स्थापना की गई थी। वहीं तीर्थ आज पुनः उठ खड़ा है और अब पुण्योदय तीर्थ क्षेत्र बजरंगगढ का अति भव्य रूप ईंट गारे से निर्मित होकर विशाल जिनालय के साथ ही साथ ही सर्वसुविधा युक्त धर्मशाला संत शाला का निर्माण तैयार हो भक्तो की महा प्रतिक्षा पूरी हो रही है। जब राष्ट्रसंत मुनि पुगंव श्री सुधासागर जी महाराज के पावन चरण नशियां जी में पड़ेंगे।

पुण्योदय तीर्थ के साथ नशियां का उदार हो:अध्यक्ष एस के जैन

इस दौरान तीर्थ कमेटी अध्यक्ष एस.के जैन ने कहा कि परम पूज्य हम पिछले तेरह साल से जहां भी आप रहे वहां पहुंच कर आपका कुशल निर्देशन प्राप्त कर रहे। आज जब हमारे नगर के बाहर आप विराजमान हैं समझ में नहीं आ रहा इस उपकार को गुना जैन समाज कैसे पूरा करेगी। अब समय आ गया कि हम सब मिलकर इस महा महोत्सव को परम पूज्य के सान्निध्य में ऐतिहासिक बना दें। इस दौरान नपा अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने कहा कि हम सब की इच्छा है कि आपके चरण हमारे पूरे शहर को पवित्र बनाये। विधायक श्री पन्नालाल शाक्य ने गुरु चरणों में वंदन किया इस दौरान निरज निगम भाजपा जिला मंत्री अनिल रुप तरुण जैन ने भी अपनी भावनाओं को व्यक्त किए।

मौके पर लोगों की जमा हुई भीड़, वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर किए वायरल

जनसुनवाई के बीच पानी की टंकी पर चढ़ी महिला, पुलिस-प्रशासन में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिला मुख्यालय पर मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एक महिला पुलिस कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए शहर स्थित ऊंची पानी की टंकी पर चढ़ गई। जिला मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर स्थित रोजड़ खुर्द गांव निवासी महिला द्वारा किए गए इस विरोध प्रदर्शन ने प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब कलेक्टर और पुलिस प्रशासन की जनसुनवाई चल रही थी, उसी दौरान तेज धूप और गर्मी के बीच महिला अचानक पानी की बड़ी टंकी पर चढ़ गई। महिला धीरे-धीरे टंकी के अंतिम हिस्से तक पहुंच गई और वहां से ही जोर-जोर से अपनी बात रखने लगी। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और कई लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए।

महिला को सुरक्षित नीचे उतारा

सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और स्थानीय अमला मौके पर पहुंचा। काफी देर तक समझाइश, बातचीत और भरोसा दिलाने के बाद महिला को सुरक्षित नीचे उतारा गया। इस दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की सांसें भी अटकी रहीं, क्योंकि जरा सी चूक बड़ा हादसा बन सकती थी। महिला ने पुलिस अधिकारियों के सामने आरोप लगाया कि वह कई दिनों से थाना और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के चक्कर लगा रही है, लेकिन उसकी शिकायतों पर कार्रवाई नहीं हुई। महिला ने अपने पति, देवर और जेठ पर प्रताड़ना, मारपीट और गलत व्यवहार करने जैसे गंभीर आरोप लगाए। महिला का कहना था कि विरोध करने पर उसके साथ मारपीट होती है और शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया गया।



नियमानुसार कार्रवाई करेंगे

महिला की शिकायत और आरोप के आधार पर हम पूरी जांच कर रहे हैं। जांच के आधार पर जो भी सही होगा हम नियमानुसार कार्रवाई करेंगे। फिलहाल पूरी जांच कर रहे हैं।

-मंजू मखेनिया, टीआई, कोतवाली, राजगढ़

समझा बुझाकर उतारा लोगों की तलाश शुरू

घटना के बाद महिला को पुलिस अधीक्षक कार्यालय ले जाया गया, जहां अधिकारियों ने उसकी शिकायत सुनी। सूत्रों के अनुसार, कोतवाली पुलिस ने तत्काल संबंधित गांव में पुलिस बल रवाना कर संबंधित लोगों की तलाश शुरू कर दी थी।

पत्र में आरोप

इधर...गांव के एक व्यक्ति ने चौकीदार और गांव के पटेल के माध्यम से एक परिवार तक कथित तौर पर एक पत्र पहुंचाया, जिसमें आरोप लगाया गया कि परिवार का युवक उसकी पत्नी को लेकर चला गया है। पत्र में कथित रूप से बड़ी रकम की मांग और भविष्य में होने वाले नुकसान की जिम्मेदारी तय करने जैसी बातें लिखी गई थीं। ग्रामीणों के अनुसार, पहले कृषि पाइपलाइन और खेतों में नुकसान पहुंचाने की घटनाएं हुईं। इसके बाद आगजनी की घटनाएं शुरू हो गईं। सोमवार रात गांव के एक किसान के करीब 11 बीघा खेत से जुड़े भूसे के ढेर में आग लगने की घटना सामने आई। आग में खेत की टपरिया और अन्य कृषि सामग्री भी जलकर राख हो गई। इससे पहले भी गांव के दूसरे किसान के भूसे में आग लगने की शिकायत सामने आई थी।

टंकी पर चढ़कर महिला ने लगाए ये आरोप

- कई दिनों से शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने का आरोप
- पति, देवर और जेठ पर प्रताड़ना और मारपीट के आरोप
- पुलिस और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग
- विरोध के दौरान कहा अब मेरी कोई नहीं सुन रहा

मुख्य बातें...

- कथित पत्र के जरिए एक परिवार पर गंभीर आरोप लगाए गए
- बड़ी रकम मांगने और नुकसान की चेतावनी का दावा
- शिकायत के बाद दर्ज हुआ मामला
- इसके बाद बढ़ीं तनाव और झगड़े की घटनाएं
- लगातार आगजनी से सहमे ग्रामीण
- खेतों में रखे भूसे के ढेर जलने की घटनाएं
- कृषि सामग्री और टपरियों को नुकसान
- ग्रामीणों का रात में पहरा देने का दावा
- पुलिस ने आवेदन लेकर जांच शुरू की

हादसे में महिला गंभीर घायल

हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे ट्रेंचिंग ग्राउंड के समीप एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला और एक ठेकेदार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तत्काल सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया, जहां महिला की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल शाजापुर रेफर किया।

सारंगपुर थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी से प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास इन दिनों निर्माण कार्य चल रहा है। यहां मजदूरी कर रही रेखाबाई पति विष्णु (32) निवासी किठौर तथा ठेकेदार जगदीश पिता प्रेमनारायण निवासी सारंगपुर मंगलवार दोपहर भोजन करने के लिए बाइक से शहर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान शाजापुर की ओर से बायपास मार्ग पर आ रही तेज रफ्तार कार क्रमांक एमपी-07-जेडवी-5201 ने ट्रेंचिंग ग्राउंड के सामने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों लोग सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया। रेखाबाई के सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आने के कारण उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल शाजापुर रेफर किया गया, जबकि जगदीश का उपचार सारंगपुर सिविल अस्पताल में जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त कार में चालक सहित दो महिलाएं और एक बच्चा सवार थे। हादसे के बाद चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाए जाने से वहां मौजूद करीब 65 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला वाहन की चपेट में आकर मामूली रूप से घायल हो गई। उसे प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। दुर्घटना के बाद कुछ समय तक हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था बहाल कराई और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे हटवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण कार की तेज रफ्तार माना जा रहा है।

पुरुषोत्तम मास के अवसर पर द्वारिकाधीश हवेली में हुआ भव्य नौका विहार मनोरथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर नगर के स्थित कुलमीपुरा मोहल्ला द्वारिकाधीश हवेली में श्रद्धा और भक्ति के साथ नौका विहार मनोरथ का आयोजन किया गया। इस विशेष धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर ठाकुरजी के दर्शन एवं मनोरथ का लाभ लेने पहुंचे हवेली में श्रद्धालुओं द्वारा यमुना जी का सुंदर स्वरूप सजाया गया तथा नौका का निर्माण कर भगवान द्वारिकाधीश को नौका विहार कराया गया आकर्षक सजावट और भक्तिमय वातावरण के बीच ठाकुरजी की मनोहारी झांकी ने सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन भी किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान के समक्ष सुख, समृद्धि और मंगल की कामना की। आयोजन के दौरान पूरा परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला धार्मिक आयोजन के अंत में महाप्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। पुरुषोत्तम मास में आयोजित इस नौका विहार मनोरथ ने भक्तों को आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति कराई।

पं. सुरेश बिहारी नागर ने कहा...

ऊं नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र में समस्त देवी-देवताओं का वास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

समीपस्थ ग्राम जैतपुरा कलां में चल रही श्रीमद भागवत कथा में प्रथम दिवस पंडित सुरेश बिहारी नागर ने व्यास पीठ से बताया कि भागवत कथा श्रवण से पाप संकट से मुक्ति मिलती है, भागवत कथा के माध्यम से ऊं नमो भगवते वासुदेवाय का सम्पूर्ण भावार्थ बताते हुए कहा कि इस मंत्र में ही सम्पूर्ण याने तेंतीस कोड़ी देवी देवताओं का जाप हो जाता है।

उन्होंने कहा कि भागवत कथा को गणेश जी ने लिखा है जिसको लिखने पर सामने आया कि कथा तो लिख गई लेकिन इसमें श्रोता कथा वाचक ओर किसे श्रवण करवाई जाये तब यह कथा शुक्र देव जी ने राजा परीक्षित को सुनाई जिससे राजा परीक्षित का मोक्ष हुआ। वैसे भागवत कथा सुनने का पहला अधिकारी कोन वह जो बिना बुलाए कथा सुनता है। भागवत कथा ब्राह्मण से शुरू होकर ब्राह्मण पर ही विश्राम होता है, आत्म देव नामक ब्राह्मण से कथा कि शुरुआत होकर विश्राम सुदामा नामक ब्राह्मण पर होता है। कथा आयोजक सेवानिवृत्त शिक्षक दिनेश गुप्ता जेतपुरा वाले हैं जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त कथा श्रवण कर रहे हैं।

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निर्णय

डामरीकरण कार्य के चलते बसों के लिए अस्थायी ठहराव स्थल निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नवीन बस स्टैंड पर मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना (चतुर्थ चरण) के अंतर्गत डामरीकरण कार्य प्रारंभ होने के कारण नगर पालिका परिषद सारंगपुर ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न मार्गों पर संचालित बसों के लिए अस्थायी ठहराव स्थल निर्धारित किए हैं। सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने नवीन बस स्टैंड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि डामरीकरण कार्य पूर्ण होने तक बसों का संचालन अस्थायी रूप से निर्धारित स्थानों से किया जाएगा। निर्धारित व्यवस्था के अनुसार इंदौर मार्ग की बसें कल्पना रेस्टोरेंट के समीप स्थित चार्टर्ड ऑफिस के पास रुकेंगी। वहीं ब्यावरा मार्ग की बसों का ठहराव जैदी टिम्बर मर्चेंट (कुटिया रेस्टोरेंट) के समीप रहेगा। आगर-शुजालपुर मार्ग की बसों के लिए थाना परिसर के समीप स्थित रिक्त भूमि को अस्थायी बस स्टॉप बनाया गया है। संडावता मार्ग की बसों के लिए पाडल्या रोड पर ठहराव की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा शाजापुर लोकल मार्ग पर संचालित छोटे यात्री वाहनों के लिए राजीव गांधी पार्क (पेट्रोल पंप) के समीप स्थान निर्धारित किया गया है। नगर पालिका द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे बसों के आवागमन के लिए निर्धारित अस्थायी स्थलों का उपयोग करें तथा डामरीकरण कार्य के दौरान सहयोग प्रदान करें। यह व्यवस्था बस स्टैंड के डामरीकरण कार्य पूर्ण होने तक प्रभावी रहेगी।

शासकीय भूमि पर मैदा फैक्ट्री के पास से हटाया पक्का मकान एवं बाउंड्रीवॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नगर के जीरापुर-पचोर रोड स्थित शासकीय महाविद्यालय के सामने एक फैक्ट्री परिसर में अवैध अतिक्रमण पर प्रशासन का बुलडोजर चला, जिसमे दो मंजिला पक्का मकान और बाउंड्री बाल को ध्वस्त किया गया! प्रशासन से मिली जानकारी अनुसार आनंदस्वरूप पिता पुरुषोत्तमदास मुंदड़ा की पचोर-जीरापुर रोड शासकीय महाविद्यालय के सामने स्थित फैक्ट्री परिसर में 2.626 सर्वे क्रमांक 1520/2/1 रकबा 0.268 हेक्टेयर पर अतिक्रमण 1600 वर्ग मीटर दो मंजिला भवन 400 वर्ग मीटर छोटा भवन रिक्त भूमि बाउंड्री वॉल बिना प्रशासनिक अनुमति के सरकारी भूमि पर बनाए गए थे! जिसे प्रशासन ने पूर्व में भी शासकीय प्रकिया के मुताबिक सूचना देकर अतिक्रमण हटाने के लिए लिखा था लेकिन अतिक्रमण कर्ता द्वारा नहीं हटाया गया।

तब पुनः सुचित कर मंगलवार की सुबह लगभग 9:30 बजे पुलिस बल प्रशासनिक राजस्व एवं नगर परिषद का अमला की मौजूदगी में यह कार्रवाई की जिसमें बुलडोजर चलाकर पूरे अवैध ढांचे को जमींदोज कर दिया गया! इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अंकिता जैन , तहसीलदार कमलसिंह सौलंकी, थाना प्रभारी होकम सिंह मीणा , पटवारी जगदीश चौहान , उपयंत्री बृजेश उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

फार्मर आईडी पंजीयन शिविर में किसानों ने दिखाई रुचि

820 किसानों की आईडी बनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

शासन के निर्देशानुसार किसानों के लिए फार्मर आईडी बनाने के अभियान को गति देने हेतु कस्बा स्तर पर विशेष पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर एसडीएम रोहित बम्होरे के निर्देश एवं तहसीलदार आकाश शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविर का संचालन कस्बा पटवारी शहजाद मंसूरी द्वारा किया गया। पटवारी शहजाद मंसूरी ने बताया कि क्षेत्र में कुल 1200 खाताधारक किसानों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिनमें से अब तक 820 किसानों की फार्मर आईडी सफलतापूर्वक बनाई जा चुकी है।

शेष किसानों की आईडी बनाने की प्रक्रिया भी लगातार जारी है। शिविर में किसानों को फार्मर आईडी के महत्व, इसके लाभों तथा शासन की विभिन्न योजनाओं से मिलने वाले प्रत्यक्ष लाभों की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने किसानों से अपील की कि जिन किसानों की फार्मर आईडी अभी तक नहीं बनी है, वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचकर अपना पंजीयन करवाएं। फार्मर आईडी के माध्यम से किसानों को भविष्य में मिलने वाली सरकारी योजनाओं, अनुदान एवं अन्य सुविधाओं का लाभ अधिक पारदर्शी और सरल तरीके से प्राप्त हो सकेगा। अभियान को सफल बनाने के लिए राजस्व विभाग का अमला लगातार सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है।

वैदिक मंत्रों से गूंज रहा क्षेत्र, समापन पर होगा वृक्षारोपण

चाटक्या में चल रहा 9वां पंच कुण्डात्मक रुद्र यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक एकता का संगम ग्राम चाटक्या में देखने को मिल रहा है, जहां 30 मई से 5 जून 2026 तक 9वां सप्त दिवसीय पंच कुण्डात्मक रुद्र यज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

यज्ञ का शुभारंभ 30 मई, शनिवार को हैमाद्रि, श्री गणपति पूजन और पंचांग पूजन के साथ हुआ। उसी दिन से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भी हुआ। यज्ञ का समापन 5 जून, शुक्रवार को भव्य गंगा शोभा यात्रा, भागवत विराम और वृक्षारोपण कार्यक्रम के साथ होगा। उल्लेखनीय है कि यज्ञ के दौरान प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है।

कथा का रसपान कराने के लिए वृंदावन से पधारे पं. दीपक जी उपाध्याय व्यासपीठ को सुशोभित कर रहे हैं। वहीं यज्ञाचार्य के रूप में आचार्य पं. रमेशचन्द्र नागर, सद्गुरु आश्रम, पीपलहेला वैदिक अनुष्ठान संपन्न करा रहे हैं। आयोजन समिति के कैलाश नागर उपाध्यजक्ष जनपद सारंगपुंर ,सरपंच दुर्गाप्रसाद नागर ने बताया कि ग्राम चाटक्या, पाटक्या, मेहरी मोटी और भीलखेड़ा के समस्त ग्रामवासी यज्ञ की तैयारियों में जुटे हैं।

उन्होंने कहा कि समापन दिवस पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए यज्ञ स्थल एवं ग्राम में सामूहिक वृक्षारोपण किया जाएगा। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। समिति ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे यज्ञ में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

कल निकलेगी भगवान श्रीराम की दिव्य बारात, भक्तों से शामिल होने का आह्वान

नरसिंहगढ़। पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर नगर के मंदिर श्री सत्यनारायण जी में आयोजित भव्य श्री संगीतमय श्रीराम कथा एवं पुरुषोत्तम महात्म्य के अंतर्गत 4 जून को भगवान श्रीराम की दिव्य बारात धूमधाम से निकाली जाएगी। बारात नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।



आयोजन समिति के अनुसार दोपहर 3 बजे से श्रीराम कथा का शुभारंभ होगा, जिसके पश्चात सायं 4:30 बजे भगवान श्रीराम की बरात मंदिर श्री सत्यनारायण जी परिसर से प्रस्थान करेगी। बरात में भगवान श्रीराम के स्वरूप, भजन-कीर्तन, झांकियां एवं धार्मिक उत्साह का विशेष आकर्षण रहेगा। आयोजकों ने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की यह दिव्य बरात भक्तों के लिए आध्यात्मिक आनंद, भक्ति और पुण्य प्राप्ति का विशेष अवसर है। इस अवसर पर नगरवासियों एवं धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की गई है। पुरुषोत्तम मास में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का वातावरण है। आयोजन समिति ने सभी भक्तों से परिवार सहित शामिल होकर भगवान श्रीराम के मंगलमय स्वरूप के दर्शन करने तथा भक्ति और श्रद्धा से परिपूर्ण इस उत्सव का पुण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।